

गोलबाजार रामलीला में महाकाली गीत पर सुंदर प्रस्तुति देते कलाकार

# गोलबाजार और घंटाघर रामलीला में बह रही धर्म की गंगा

## देर रात तक गूंजते भगवान राम के आदर्श



**कटनी,यशभारत।** दो साल बाद कटनी में दोनो प्रमुख रामलीलाओं में राम के प्रसंग गूंज रहे हैं। एक बार फिर से रामलीला प्रेमी श्रद्धालु राम के आदर्श की कथाओं का मंचन देख कर अभिभूत हैं। गोलबाजार में धर्म गंगा को प्रवाहित करती रामलीलाओं में मंचन के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जा रहे हैं। समूचे गोलबाजार पंडाल में देवी भगतों की सुंदर प्रस्तुति के बीच दिल जीतने वाले कलाकार की लोगों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए पुरूस्कार भी दिये। पं. सुनील तिवारी, प्रदीप तिवारी के निर्देशन में कल यहां कैकई मंथरा संवाद की लीला का सुंदर मंचन किया गया। रावण की कैद में रह रहे देवता मां सरस्वती से आग्रह करते हैं कि श्री राम का राज्याभिषेक हुआ तो रावण का विनाश संभव कैसे होगा? मां सरस्वती मंथरा की जिव्हा में विराजमान होती हैं और फिर राम के राज्याभिषेक में बाधा बनी मंथरा की कुटिल चालों में घिरी कैकई राजा दशरथ से राम को 14 वर्षों का वनवास तथा भरत के लिए राजगद्दी की मांग कर राजा दशरथ सहित समूची अयोध्या नगरी को विराट दुख में समाहित कर देती हैं। गोलबाजार में कल उद्योगपति पवन मित्तल तथा मुरली अग्रवाल का सम्मान किया गया।



### घंटाघर में भी कैकई मंथरा संवाद

इसी तरह घंटाघर में भी कैकई मंथरा संवाद की सुंदर लीला पं धर्मराज पाठक के निर्देशन में शारदा रामलीला मंडली के कलाकारों द्वारा बेहतरीन मंचन किया गया। इस अवसर पर कमेटी के पदाधिकारी मौजूद थे। नवरात्र के तीन दिन बीत चुके हैं तथा रामलीला के सुंदर प्रसंग राम रावण के युद्ध के साथ असत्य पर सत्य की विजय की ओर बढ़ रहे हैं।



# माता के भक्तों की कर रहे सेवा

**कटनी,यशभारत।** नवरात्रि के पावन पर्व पर मां शारदा के दर्शन हेतु जा रहे यात्रियों की सेवाओं में आज से जगन्नाथ मंदिर, जगन्नाथ चौक में भी माँ शारदा के दर्शन हेतु जा रहे तीर्थ यात्रियों के लिये जलपान, फलाहार व चाय का इंतजाम किया गय। यश टायर हाउस कुठला पुरैनी में यात्रियों के चाय, बिस्किट, पानी की व्यवस्था तो है ही इस बार जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा दो जगह सेवा दी जा रही है। इसी सेवा में आज से पैदल यात्रियों में नवरात्र में उपवास रखने वालों के लिए फलाहार की भी हरीश जैन के द्वारा व्यवस्था की गई है। साथ ही माता के सभी भक्तों की सेवा में लगातार चार दिनों से चाय, बिस्किट,पानी का प्रबंध किया जा रहा है। जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी एवं विजय ठाकुर, शिव सोनी, शिशिर टूडहा, शंभू शरण मिश्रा, नटवरलाल कोटक, मुरली अग्रवाल, विजय पटेल, राजेश तिवारी नरेश ताम्रकार, विनोद मिश्रा, विपिन दुबे, राजकुमार यादव, प्रकाश गुप्ता, उमाशंकर छिरौलिया, मूलचंद नामदेव, शेखर मोहतेले, आदर्श टुडे, पंकज ठाकुर, राजेंद्र सोनी आदि लोग सेवा में जुटे हैं।



# इस बार भी पटाखा बाजार को लेकर फंसा पेंच, कलेक्टर ने बनाई समिति

**कटनी,यशभारत।** दो साल बाद त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह है इस बार दिवाली में आतिशबाजी को लेकर भी खूब उत्साह देखा जा रहा है। लेकिन कटनी में फटाखा बजार को लेकर मामला फंसा है। फटाखा बजार को लेकर जगह देने के मामले में कटनी में पहले भी विवाद होता रहा है इस बार फिर पेंच फंसा है। फटाखे को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा मामले को संज्ञान में लेकर सोमवार को माधवनगर व जिले में अन्य स्थानों पर आतिशबाजी पटाखा के स्थाई अनुज्ञप्तिधारियों व दुकानों की जांच के लिए आदेश कर दिए हैं। माधवनगर में पटाखा दुकानों व भंडारण स्थलों की जांच के लिए पांच अधिकारियों की टीम गठित की गई है। टीम में वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल करते हुए कलेक्टर ने जांच करने कहा है। इसके अलावा जिले के अन्य अनुभाग विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा व बहोरीबंद में एसडीएम को जांच दल गठित कर जांच करने के आदेश दिए गए हैं।

### इन अफसरों को किया टीम में शामिल

कलेक्टर द्वारा गठित दल में पांच अधिकारियों को शामिल किया गया है। इनमें एसडीएम प्रिया चंद्रावत, नगरनिगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे, नगर पुलिस अधीक्षक विजयप्रताप सिंह, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपसंचालक नमिता तिवारी शामिल हैं।

### एक सप्ताह में देना होगा जांच प्रतिवेदन

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रण भोपाल व जारी ड्क्षबदुओं के अनुसार पाई गई कमियों की संयुक्त रिपोर्ट स्पष्ट अभिमत व प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत करने कहा गया है। जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की समयसीमा तय करते हुए 7 दिन का समय निर्धारित किया गया है।

# रात एक बजे मंदिर पहुंच मार्गों की साफ-सफाई



**कटनी,यशभारत।** नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक रात्रि करीब 1 बजे जालपा मढ़िया जाने वाले मार्ग पहुंचे तो नगर निगम अधिकारियों में हड़कंप मचना स्वाभाविक था। शहर की सबसे प्रमुख जालपा मढ़िया में श्रद्धालुओं को परेशानी न हो लिहाजा निगमाध्यक्ष ने यह निरीक्षण कर हालात जाने उचित दिशा निर्देश दिए। मां जालपा देवी मंदिर के पहुँच मार्ग से घंटाघर तक में सफाई का निरीक्षण करने पहुंचे नगरनिगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने संबंधित कर्मचारियों को यहां आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। नवरात्र पर शहर की प्रमुख देवी मढ़िया जालपा देवी में देर रात से ही भक्तों का तांता लग जाता हैं। इस मंदिर जाने वाले मार्ग की हालत ठीक नहीं है लिहाजा मार्ग की सफाई व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए नगरनिगम अध्यक्ष मनीष पाठक रात्रि करीब एक बजे यहां पहुंचे। श्री पाठक ने माँ जालपा देवी के मंदिर के पहुँच मार्ग पर पड़ने वाले नाले की सफाई कराई व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया साथ ही प्रकाश व्यवस्था के लिए रोड की बंद पड़ी स्टीट लाइटों को भी चालू करवाने के निर्देश दिये। लोगों ने बताया कि माँ जालपा देवी के मंदिर के पहुँच मार्ग पर पड़ने वाले नाले के आसपास पानी की कोई निकासी न होने से गंदा पानी रोड में भरा रहता था पर नगरनिगम के आला व संबंधित अधिकारी इस बात से अब तक बेखबर हैं। इसे श्री पाठक ने गम्भीरता से लेते हुए तत्काल समस्या हल करने के निर्देष दिए।

# उमरियापान में माँ दुर्गा की 11 प्रतिमाएं हुईं स्थापित

## झंडा चौक में पर्दे पर रामायण तो कटरा बाजार में चल रही रामलीला



**उमरियापानए यशभारत।** उमरियापान सहित पूरे क्षेत्र में जगत जननी माँ भवानी की प्रतिमाओं की हुई स्थापना पंडितों द्वारा पूरे विधि विधान से कराई गई। उमरियापान के मुख्य मार्केट झंडा चौक की सार्वजिनक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ दुर्गे की भव्य प्रतिमा की स्थापना की गई है। पंडित मौजीलाल पौराणिक द्वारा शाम 7 बजे से पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता रानी की स्थापना करवाई है। इस दौरान माता रानी के जयघोष जमकर गूंजे। नगर में इस वर्ष दुर्गे माँ की 11 प्रतिमाएं स्थापित हुई हैं जिसमें मुख्य मार्केट झंडा चौक सार्वजिनक दुर्गा उत्सव समितिए बड़ी माई मंदिर दुर्गा उत्सव समिति, ग्राम पंचायत दुर्गा उत्सव समिति, बरातरे मोहल्ला दुर्गा उत्सव समिति, नाहर मोहल्ला दुर्गा उत्सव समिति, बर्मन मोहल्ला चंडी माता दुर्गा उत्सव समिति, कटरा बाजार मोहल्ला सार्वजिनक दुर्गा उत्सव समिति, न्यू बस स्टैंड मोहल्ला दुर्गा उत्सव समिति, चंडी माता दुर्गा उत्सव समिति, नई बस्ती दुर्गा उत्सव समिति, अंधेलीबाग तिराहा दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा प्रतिमाओं की स्थापना कराई गई है। आस पास के ग्राम पचपेढ़ी, पकरिया, घुघरी, हरदी, परसवारा, बम्हनी, महनेर सहित पूरे क्षेत्र में प्रतिमाओं की स्थापना की गई है।

### धार्मिक आयोजन शुरू होने से बढ़ी चहल पहल

नगर की दो प्रमुख सार्वजिनक दुर्गा उत्सव समितियों झंडा चौक और कटरा बाजार में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक जगह प्रोजेक्टर के माध्यम से रामायण दिखाई जा रही है तो दूसरी जगह राम लीला का मंचन किया जा रहा है। जबकि पूर्व के दो वर्ष कोरोना काल के कारण पूरे नगर में सन्नाटा पसरा रहता था। लेकिन इस वर्ष वो स्थिति नहीं जिस कारण झंडा चौक में प्रोजेक्टर के माध्यम से 2 दिन में राम जन्म से लेकर धनुष भंग होने तक रामायण दिखाई गई। कटरा बाजार में भी 3 दिन में राम जन्म से लेकर धनुष भंग के साथ चारों भाइयों के विवाह की तैयारियों होने तक राम लीला का मंचन किया गया है। दोनों जगह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा पहुंचकर रामायण और रामलीला देखकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। दोनों सार्वजिनक दुर्गा उत्सव समितियों ने नगर धर्म प्रिय जनता से दोनों जगह पहुंचकर प्रभु श्रीराम की लीला देखकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# मुक्तिधाम में रोपे 251 वृक्ष, गीता भेंट कर संस्कृति को बचाने का संदेश



**कटनी,यशभारत।** अखिल भारतीय वैश्य महापरिषद व जनसेवा विकास समिति के संयोजन में मुक्ति धाम में 251 वृक्ष रोपित किए गए। नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने कहा कि पर्याप्त वर्षा और नीचे जाते भूजल स्तर के लिए पेड़ों की जरूरत है और पर्यावरण संरक्षण के लिए जल संरक्षण बहुत जरूरी है। पूर्व विधायक कृति जैन ने कहा कि सुरक्षित जीवन के लिए शुद्ध जल और शुद्ध पर्यावरण की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती वंदना यादव, अतिथि परिषद संरक्षक सुनील रांधेलिया, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियदर्शन गौर, एडवोकेट अंजुला सरावगी, ब्राह्मण समाज के नगर अध्यक्ष राजू शर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राज किशोर यादव, पूर्व पार्षद प्रशांत जायसवाल, पूर्व पार्षद संतोष मिश्रा, पूर्व पार्षद अरुण कनोजिया, अनिरुद्ध बजाज, संजीव श्रीवास्तव, संभव रांधेलिया, अंशुल बहरे, नितिन रैकवार, अनंत गुप्ता की उपस्थिति रही। इसके उपरांत अखिल भारतीय वैश्य महापरिषद के पदाधिकारियों ने पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियदर्शन गौर को श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर उनसे आग्रह किया गया है कि प्रत्येक जिला व शहर में मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर विद्यालय में हिन्दू संस्कृति को बचाने के लिए रामायण व महाभारत पढ़ाना अनिवार्य कराया जाए।

**प्लाट बिकाऊ हैं**

राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।
रेट 1000/- से 1200/- तक
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316




लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ
डॉ. देबनाथ
लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।
पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9826154533
नोट-28 वर्षों से आपके सेवा में उपस्थित।

कटनी की प्रथम अत्याधुनिक
32-96 स्लाइस की मशीन
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375,8103404843 फोन 07622-494511

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 30 से
दोपहर 12.45, 3.15,7 एवं रात्रि 9.45 बजे से



विक्रम वेधा
कलाकार- रितिक रोशन, सैफअली खान, राधिका आप्टे, रोहित सराफ आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 30 से
दोपहर 12.15, 3.45,6.30 एवं रात्रि 10 बजे से




PS-1
कलाकार- एश्वर्या राय बच्चन, विक्रम जयम रवि, प्रभु आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 23 से
दोपहर 1, 3.30, 7 एवं रात्रि 9.30 बजे से



चुप
कलाकार- सनी देओल, दलकर सलमान, श्रेया धनवंतरी, पूजा भट्ट आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में

ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 30 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
विक्रम वेधा
कलाकार- ऋतिक रोशन, सैफ अली खान, राधिका आप्टे, रोहित सराफ आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-

यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, बुधवार, 28 सितंबर 2022

## स्कूल पहुंच मार्ग बदहाल

## परेशान हो रहे बच्चे

### इंदिरा गांधी वार्ड में विकास के नाम पर नहीं हुआ कोई काम

कटनी, यशभारत। इंदिरा गांधी वार्ड के अंतर्गत आने वाले बालाजी नगर क्षेत्र में नगर निगम प्रशासन द्वारा विकास के नाम एक आज तक एक भी विकास कार्य नहीं कराए गए हैं। यहां पर न तो सड़क बनी है और न ही पक्की नाली का निर्माण कराया गया है। स्थिति यह है कि बरसात के दिनों में सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा परेशान स्कूली छात्र हो रहे हैं। शासकीय पुरवार स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने बताया कि सड़क नहीं बनने की वजह से रोजाना उन्हें कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ की वजह से उनकी यूनीफार्म तक खराब हो जाती है।



**बालाजी नगर में नहीं बनी सड़क और नाली**

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी वार्ड के अंतर्गत आने वाले बालाजी नगर क्षेत्र को अवैध कॉलोनी का दर्जा प्राप्त है। अवैध कॉलोनियों को वैध करने की योजना ठंडे बस्ते हैं। जिसके चलते यहां विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं। इस क्षेत्र के लोगों से वोट लेकर जीतने वाले पार्षदों ने भी कभी भी इस क्षेत्र के विकास की तरफ ध्यान नहीं दिया। जिसका खामियाजा इस क्षेत्र के वाशिंदों को उठाना पड़ रहा है। कॉलोनी का निर्माण होने और यहां मकान बनने के बाद नगर निगम द्वारा हर साल टैक्स की वसूली तो की जाती है लेकिन जब विकास की बात आती है तो अवैध कॉलोनी कहकर इससे पल्ला झाड़ लिया जाता है। क्षेत्र के नागरिकों ने महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी से कॉलोनी को वैध कराए जाने एवं विकास कार्य कराए जाने की मांग की है।

### जब से स्कूल बना, तब से सड़क की मांग

क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि बालाजी नगर में जब शासकीय पुरवार स्कूल का निर्माण हुआ है, तभी से क्षेत्र के नागरिकों के साथ ही अभिभावकों द्वारा सड़क निर्माण की मांग की जा रही है लेकिन इस ओर कभी भी ध्यान नहीं दिया गया।

### विधायक ने विधानसभा में उठाया था मामला

गौरतलब है कि क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल ने इंदिरा गांधी वार्ड के अंतर्गत बालाजी नगर में स्थित शासकीय पुरवार स्कूल पहुंचमार्ग की दुर्दशा और सड़क निर्माण मामला पिछले दिनों मध्यप्रदेश विधानसभा में उठाया था। जिस पर जबाव तलब भी हुआ था लेकिन अब तक सड़क के निर्माण का रास्ता साफ नहीं हुआ है।

### या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥



श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर, रोशननगर।




युवा दुर्गा उत्सव समिमि, ग्राम तिलगवां।



नवयुवक मां दुर्गा उत्सव समिति, एसकेपी कॉलोनी।

## कुठला में गौ उठान की जमीन पर हो रहा अवैध कब्जा

### क्षेत्रीय नागरिकों ने कलेक्टर से की शिकायत, तहसीलदार ने मौके पर जाकर रूकवाया निर्माण





कटनी, यशभारत। उपनगरीय क्षेत्र कुठला में गौ उठान की जमीन पर क्षेत्र के निवासी चेतू पटेल द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के लोगों द्वारा अवैध कब्जा का विरोध करते हुए कलेक्टर से इसकी शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि खसरा नंबर 224/2 की जमीन राजस्व रिकार्ड में गौ उठान मद पर दर्ज है, इसके बावजूद चेतू पटेल द्वारा इस सरकारी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। वार्ड की पार्षद श्रीमती सरला मिश्रा के साथ क्षेत्र के लोगों ने जब इसकी शिकायत कलेक्टर से की, तब तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, पटवारी तुलाराम वर्मा सहित अन्य राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और निर्माण कार्य रुकवाया लेकिन अधिकारियों के जाने के बाद चैतू पटेल द्वारा पुनः निर्माण कार्य शुरू कर दिया। कलेक्टर को दी गई शिकायत में लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के नागरिकों ने बताया कि जिसमे श्रीकांत पिता चेतूराम पटेल व गंगाराम पटेल पिता राजाराम पटेल के नाम पर रजिस्ट्री की गई है, जबकि उक्त जमीन पर रास्ता है। इन लोगों ने 224/2 गौ उठान मद में दर्ज शासकीय जमीन 0.700 पर सार, बाड़ी लगाकर कब्जा किया गया है। गंगाराम की रजिस्ट्री पर शासन द्वारा आंगनबाड़ी का निर्माण करवाया गया है। गंगाराम का कब्जा के बेदखल किया गया। उस रकबे के बाजू से श्रीकांत पटेल द्वारा शासकीय गोठान की जमीन कब्जा करते हुए निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि रविवार की छुट्टी का फायदा उठाते हुये काम करवाया जाता है। बताया जाता है कि इस अतिक्रमण पर माननीय न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया था। अधिकारियों ने जब मौके पर निर्माणकर्ताओं से निर्माण की अनुमति एवं नक्सा पास एवं दस्तावेज की मांग की गई लेकिन उनके द्वारा कोई कागजात नहीं दिये गये। तहसीलदार नजूल ने इस प्रकरण में बेदखली का आदेश भी पारित किया था। इसके बाद 1 अगस्त 2019 को स्थल पंचनामा फील्ड बुक तैयार की गई थी, जिसमें उपरोक्त अतिक्रमण पाया गया था। जिसे हटाते हुये शासकीय भूमि को खाली करवाए जाने की मांग की गई है।



### तहसीलदार ने जारी किया स्थगन आदेश

तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव ने राजस्व अमले के साथ मौके पर जांच की। इसके उपरांत स्थगनादेश जारी किया। जिसमे कहा गया है कि हल्का पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक के साथ मौके पर जांच कर निर्माण कार्य रूकवाया गया। जांच में पाया गया कि खसरा नंबर 224/2 रकवा 0.700 हैक्टेयर भूमि नजूल भूमि है। पूर्व में तहसीलदार नजूल द्वारा उपरोक्त भूमि पर स्थगन आदेश जारी किया गया था। वर्तमान में मौके पर लगभग 30-32 वर्गफुट पर निर्माण कार्य पाया गया, जिसे अग्रिम आदेश तक रोके जाने का आदेश दिया गया। मौके पर श्रीकांत पटैल, चैतूलाल ने बताया कि तहसीलदार कटनी के आदेश पर मौके पर श्रीकांत काबिज है। तहसीलदार ने आदेश में कहा कि उपरोक्त वादग्रस्त भूमि शासकीय एवं निजी दोनों नंबर की प्रतीत होती है। खसरा नंबर 224, के 11 बटांक है, जिसमें से ही अंश रकवा खसरे में शासकीय नजूल दर्ज है। इस संबंध में तहसील नजूल एवं तहसील कटनी प्रथक-प्रथक आदेश उभयपक्ष द्वारा प्रस्तुत किये गये। तहसीलदार नजूल से जांच प्रतिवेदन मिलने तक मौके पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश जारी किया गया है।

### खुलेआम हो रहा गैस रिफलिंग का कारोबार

कटनी, यशभारत। शहर में बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस भरने का सिलसिला एक बार फिर शुरू हो गया है। कुछ समय पहले



प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही के बाद इस अवैध गोरखधंधे पर लगाम लग गई थी लेकिन अब एक बार फिर यह काम शुरू हो गया है। शिकायतों के मुताबिक खुलेआम कारों में भी गैस भरी जा रही है। खुलेआम इस काम को अंजाम दिया जा रहा है। बताया जात है कि आसपास के गांवों से मध्यम वर्ग के लोग आकर कतिपय दुकानों से बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में गैस भरवा कर चलते बनते है। इस बीच सुरक्षा का कोई ध्यान नहीं रखा जाता है। इन दुकानदारों के कारण शहर बारूद के मुहाने पर बैठा हुआ है, जबकि पूर्व में कई बार दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। लोगों का कहना है कि पुलिस एवं खाद्य विभाग को कार्यवाही करना चाहिए लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे शहार में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

## धूमधाम से निकली महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा







### सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह किया शोभायात्रा का भव्य स्वागत, घंटाघर में महाआरती, प्रसाद वितरित

कटनी, यशभारत। अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन जी के जन्मोत्सव पर रथयात्रा निकाली गई। अग्रवाल भवन में सुबह पूजा अर्चना आरती हवन किया गया। शाम को अग्रवाल भवन से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। जिसमे समाज के बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों को साफा पहनाया गया। शोभायात्रा गर्ग चौराहा, घंटाघर, झंडाबाजार, कपड़ा बाजार, सुभाष चौक, हनुमान मंदिर, गोलबाजार, गजानन टॉकीज चौराहा होते हुए अग्रवाल भवन में समाप्त हुई। रथयात्रा का ओवर ब्रिज के पास, घंटाघर, झंडा बाजार, रुई बाजार, सुभाष चौक, हनुमान मंदिर, गोलबाजार में स्वागत किया गया। इसके उपरांत महाराजा अग्रसेन जी की घंटाघर अग्रसेन उद्यान में नागरिकों द्वारा महाआरती की गई। शोभायात्रा में माता महालक्ष्मी, महाराजा अग्रसेन जी की झांकी शामिल थी। आजादी के 75वे अमृत महोत्सव पर समाज के बच्चों ने जीवित झांकी प्रस्तुत की। शोभायात्रा में मप्र अग्रवाल महासभा, अग्रवाल पंच परिषद, अग्रवाल समाज, अग्रवाल महिला मंडल, अग्रवाल नगर मंडल, मप्र अग्रवाल महिला मंडल, मप्र



अग्रवाल युवा महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोभायात्रा को सफल बनाया। घंटाघर अग्रसेन उद्यान में महाराज अभिषेक जी को 11 किलो पेड़े का भोग लगाया गया और प्रसाद वितरण किया गया। आमंत्रित अतिथियों का अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

### सहेन्द्र बने अभा कायस्थ महासभा के प्रांतीय महामंत्री

कटनी, यशभारत। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष के के श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ एवं राष्ट्रीय मंत्री अरुण श्रीवास्तव की अनुशंसा पर समाजसेवी सहेन्द्र श्रीवास्तव को प्रांतीय महामंत्री महाकौशल प्रांत पद पर नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष के के श्रीवास्तव ने बधाई दी है। राष्ट्रीय कलमकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहित्यकार डॉ रमाकान्त निगम ने नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि इससे संगठन को समृद्ध बनाने एवं कायस्थ समाज की एकता अखंडता में बढ़ोत्तरी होगी।



### माधवनगर में कांग्रेस नेताओं नेकिया पौधारोपण



**पौधों की रक्षा का लिया संकल्प**

कटनी, यशभारत। आजादी के अमृत महोत्सव एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए चलाए जा रहे हरियाली महोत्सव के अंतर्गत माधवनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। इस दौरान सभी ने पौधों की रक्षा का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष गुमान सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय पटेल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंशु मिश्रा, एड. ओंकार गौतम, योगेश सिंह परिहार, बबलू सिंह, रवि जायसवाल, पंकज सोनी, ब्रजेश यादव, अजय विश्वकर्मा, विनय यादव, छोटूभाई, मनोज यादव, पप्पू यादव, रवि चौधरी, राहुल सिंह लकी एवं सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**Required**

An Office Assistant boy & girl who must be Graduate, Having the knowledge of English Language, Computer Operations, MS-Excell and Busy Accounting Software.Strictly Only those persons apply who are fulfilling above all critaria to :
**M/s RK Food Products, Madhavnagar , KATNI .**
**Mobile 9827261961 : Email :rk.katni@gmail.com**

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस,
बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

**कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई**
**सिविल लाईन गणेश चौक कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) 483501**

दूरभाष नंबर:- 07622-401753 ई-मेल आई.डी.- dpepiukatni@gmail.com
एन.आई.टी. नंबर- 20/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/ दिनांक- 23.09.2022
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड आनलाईन प्राप्त की जावेगी। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2022_PWPIU_224030_1 | लोक निर्माण विभाग पीआईयू कटनी के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो में बाहय विद्युतीकरण कार्य हेतु जोनल निविदा का कार्य।। (प्रथम आमंत्रण) | कटनी | 50.00 | 50000.00 | 5000.00 | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत | 12 माह वर्षाकाल सहित | अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. साउथ सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.) |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 26.09.2022 (समय सुबह 9:00) से दिनांक 07.10.2022 तक (समय शाम 6:00) खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी बिड केवल ऑनलाईन दिनांक 07.10.2022 को सांयकाल 06:00 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे।
5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-17559/22

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू.कटनी (म.प्र.)

mgm HOSPITAL

कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW

Mittal MALL

Paytm

bookmyshow

From 16th September 2022

Cineworldz Cinema Katni by CMW..
Schedule for the 16.09.2022 to 22.09.2022

| AUDI - 1 | SHOW |
|---|---|
| Siya 2D Hindi | 10:00AM |
| Jahan Chaar Yar 2D Hindi | 12:15PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 03:00PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 06:10PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 09:20PM |
| AUDI - 2 | SHOW |
| Brahmastra 3D Hindi | 12:30PM |
| Brahmastra 3D Hindi | 03:45PM |
| Brahmastra 3D Hindi | 07:00PM |
| Brahmastra 3D Hindi | 10:10PM |
| AUDI - 3 | SHOW |
| Siya 2D Hindi | 12:00PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 02:15PM |
| Jahan Chaar Yar 2D Hindi | 05:30PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 08:00PM |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830




# एसीसी, अंबुजा में अडानी ने किए थोक तबादले


वैभव दीक्षित चीफ मैन्यूफैक्चिरिंग ऑफिसर, सेंट्रल जोन


असित पुरई


के.आर. रेड्डी



दीपक जसूजा

## वैभव दीक्षित को सेंट्रल जोन की कमान, कैमोर सहित 3 प्लांटों का मिला प्रभार

**कैमोर,यशभारत। देश ही नहीं वरन दुनिया के जाने माने उद्योग समूह अडानी ग्रुप द्वारा देश की दो बड़ी सीमेंट कंपनियों एसीसी और अंबुजा सीमेंट का अधिग्रहण कर लिए जाने के बाद इन कंपनियों में व्यापक पैमाने पर फेरबदल किया जा रहा। कंपनी के शीर्ष पदाधिकारी बदले जाने के बाद अब एसीसी और अंबुजा के सभी प्लांट डायरेक्टर्स का भी तबादला कर दिया गया है। देश के विभिन्न राज्यों में संचालित एसीसी और अंबुजा के 35 प्लांटों को 7 जोन में बांटकर सभी जोन में चीफ मैन्यूफैक्चरिंग ऑफीसर की नियुक्ति कर दी गई है। वहीं डायरेक्टर प्लांट का पद समाप्त कर चीफ ऑपरेशन ऑफीसर, चीफ प्लाट मैनेजर, टर्मिनल प्लांट मैनेजर एवं प्लांट मैनेजर जैसे नए पदों का सृजन कर इन पदों पर नए अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। संभावना जताई जा रही कि एक सप्ताह के भीतर सभी नए अधिकारी अपने-अपने प्लांटों में पहुंचकर अपनी नई जिम्मेदारियां सम्हाल लेंगे।**

### रेड्डी जाएंगे चांदा, असित पुरई कैमोर तो दीपक आहूजा अमेहटा नए प्लांट हेड

उल्लेखनीय है कि अप्रैल-मई के महीने में अडानी ग्रुप के संचालक गौतम अडानी द्वारा स्विस कंपनी होलसिंग से एसीसी और अंबुजा कंपनी का अधिग्रहण कर लिया गया था। सूत्रों के अनुसार उद्योग जगत के इस सबसे बड़े सौंदे के लिए अडानी ग्रुप द्वारा होलसिंग को 82 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया गया था। अप्रैल मई में दोनों पक्षों द्वारा इस सौदे पर हस्ताक्षर कर दिए जाने के बाद हैण्डओवर और टेकओव्हर की प्रक्रिया सितम्बर माह तक जारी रही। 15 सितम्बर को टेकओव्हर की प्रक्रिया पूरी होते ही ग्रुप के मुखिया गौतम आडानी द्वारा सभी शीर्ष पदाधिकारी बदल दिए गए थे। एसीसी के एमडी रहे नीरज अखौरी की जगह अजय कपूर को कंपनी का नया सीईओ नियुक्त कर दिया गया था। वहीं गौतम अडानी के बड़े बेटे करण अडानी को एसीसी का एमडी बनाया गया था। अंबुजा के एमडी की कमान खुद गौतम अडानी ने अपने पास रखी थी। एचआर डायरेक्टर से लेकर सभी बडे डायरेक्टर्स भी बदल दिए गए थे। 17 सितम्बर को गौतम अडानी द्वारा एसीसी और अंबुजा के सभी 35 प्लांटों के अधिकारियों कर्मचारियों को वर्चुअली संबोधित किया गया था। जिसमें उन्होंने 5 साल के भीतर अडानी ग्रुप को सीमेंट उत्पादन में देश की नंबर -1 कंपनी बनाने का टारगेट पूरा करने की बात कही थी।

एसीसी और अंबुजा का स्वामित्व बदल जाने के बाद इस बात के कयास लगाए जा रहे थे कि जल्द ही सभी प्लांटों के डायरेक्टर्स भी बदले जाएंगे। टेक ओव्हर की प्रक्रिया पूरी होने के एक सप्ताह बाद ही सभी डायरेक्टर्स के तबादला और नई पदस्थापना के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। जिसमें कलस्टर की जगह जोन बना दिए गए है। जोनल हेड के लिए नया नाम चीफ मैन्यूफैक्चिरिंग ऑफीसर कर दिया गया है। इसके साथ ही डायरेक्टर प्लांट का पद भी समाप्त कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक छत्तीसगढ़ के जामुल में एसीसी प्लांट के डायरेक्टर रहे वैभव दीक्षित को सेन्ट्रल जोन का प्रभार सौंपा गया है। सेंट्रल जोन में कैमोर सहित अमेहटा और उत्तरप्रदेश स्थित टिकरिया प्लांट शामिल है। सेंट्रल जोन का मुख्यालय कैमोर ही रहेगा। यहीं रहते हुए नए चीफ मैन्यूफैक्चिरिंग ऑफीसर वैभव दीक्षित तीनों प्लांटों का काम-काज देखेंगे। वैभव दीक्षित पूर्व में एसीसी के कैमोर प्लांट में चीफ मैनेजर के पद पर रहते हुए अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अब उन्हें अडानी ग्रुप द्वारा तीन प्लांटों का प्रभार सौंपकर नई जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। वर्तमान में कैमोर में पदस्थ डायरेक्टर प्लांट के.आर.रेड्डी का तबादला चीफ ऑपरेशन मैनेजर के पद पर चांदा महाराष्ट्र कर दिया गया है। असित पुरई को कैमोर का नया चीफ ऑपरेशन मैनेजर नियुक्त किया गया है। श्री पुरई भी एसीसी कैमोर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। दीपक जसूजा को एसीसी के निर्माणाधीन अमेहटा प्लांट का चीफ ऑपरेशन मैनेजर बनाया गया है। इसके अलावा एसीसी और अंबुजा के अन्य सभी प्लांटों में भी प्रमुखों के तबादले कर दिए गए हैं।

### कलस्टर की जगह अब होंगे 7 जोन

देश के विभिन्न राज्यों में स्थित एसीसी और अंबुजा के 35 प्लांटों को 7 जोन में विभाजित कर दिया गया है। इनमें नॉर्थ जोन क्रमांक -1, नार्थ जोन क्रमांक -2, वेस्ट जोन क्रमांक - 1, वेस्ट जोन क्रमांक - 2, सेंट्रल जोन, ईस्ट और साउथ जोन बनाए गए हैं। नार्थ क्रमांक - 1 जोन का प्रभार मनोज जिंदल को सौंपा गया है। इसमें दरलाघाट, गगल, रोपड, नालागढ़, एशियन जेवी और भटिंडा शामिल हैं। वहीं नार्थ -2 जोन में मारवाड़, रबरिया वास, लखेरी, दादरी और रूड़की शामिल है। वेस्ट जोन क्रमांक -1 में अंबुजा नगर, सूरत और मूल द्वारका शामिल है। वेस्ट जोन क्रंमाक 2 में मराठा, चांदा, डिक्र, पनवेल, बीसीसीआई शामिल है। सेंट्रल जोन में कैमोर, अमेहटा और टिकरिया प्लांट शामिल है। ईस्ट जोन में भाटापारा, बरगढ़, चाईवासा, जामुल, सकरेल, फरक्का, सिंदरी शामिल है। वहीं साऊथ जोन में वॉडी, थोंडवॉवी, मदुकराई, ओचीन और बैंगलोर शामिल है।

### पुरानी पेंशन बहाल करने सौंपा ज्ञापन

# नई पेंशन नीति के खिलाफ आइडीईएफ का शंखनाद




**कटनी,यशभारत।** नई पेंशन स्कीम के खिलाफ नई दिल्ली के जंतर मंतर पर आल इंडिया डिफेन्स एम्प्लाईस फेडरेशन द्वारा 26 सितंबर को आयोजित एक दिवसीय आन्दोलन में शामिल होने आयुध निर्माणी कटनी से मजदूर संघ का एक जत्था जेसीएम तृतीय सदस्य शिव पाण्डेय के नेतृत्व में गोडवाना एक्सप्रेस से दिल्ली के लिये रवाना हुआ। आइडीईएफके शिव पाण्डेय ने इस अवसर पर बताया किए 01 जनवरी 2004 से शासकीय सेवा में भर्ती होने वाले कर्मचारियो को केन्द्रीय सिविल सेवा 1972 गारन्टीड पेंशन को खत्म करके नई पेंशन नीति के अंतर्गत लाया गया। आइडीईएफ 2004 से लगातार विभिन्न आयोजन, भूख-हड़ताल एवँ प्रदर्शन के माध्यम से कर्मचारियो को ना केवल जागरूक करने का काम किया, बल्कि विभिन्न श्रम संगठनों को साथ लेकर सरकार पर नई पेंशन स्कीम को वापस लेने लगातार दबाव बनाता रहा। है। आइडीईएफ क र्मचारी हित के लिये अपनी प्रतिबद्धता पर कायम रहते हुये देश भर के रक्षा कर्मचारियो को केन्द्रीय सिविल सेवा 1972 गारन्टीड पेंशन का लाभ दिलाने आइडीईएफ के तत्वाधान में 41 आयुध निर्माणीयों, डीआरडीओ, एमईएस, डीजीक्यू, डीजीएक्यू सीओडी, आर्मी बेस वर्कशाप, ईएमई, आर्मी, नेवी, एयरफोर्स आदि देश भर के 430 विभिन्न यूनियनों के हजारों कार्यकर्ता 26 सितंबर को दिल्ली के जंतर मंतर में एक दिन का धरना देंगे।आयुध निर्माणी कटनी से मजदूर संघ अध्यक्ष शिव पाण्डेय के नेतृत्व में विजय सिंह, देवेन्द्र पाढी, नरेंद्र पटेल महामंत्री, जेसीएम चतुर्थ अजय परौहा, जितेंद्र सिंह, शरद धुर्वे, प्रदीप तिवारी, आनंद पाण्डेय, महेश प्रसाद, सतीश कैथल, इन्द्र भूषण, राम रक्षा सिंह, मैथ्लुएस बा, संदीप ईग्गा सहित अन्य कार्यकर्त्ता दिल्ली के लिये रवाना हुये।

### अब तक 879.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी,यशभारत।** जिले में इस वर्ष अब तक 879.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि इसी अवधि के दौरान पिछले साल 691.1 मिलीमीटर ही बारिश रिकॉर्ड की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक कटनी तहसील में इस साल अब तक 1009.5 मिली मीटर तथा रीठी तहसील में 997.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इसी प्रकार बड़वारा तहसील में 827.7 मिलीमीटर, बरही में 837 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ तहसील में 829.5 मिली मीटर और बहोरीबंद तहसील में 803.7 मिलीमीटर वर्षा इस वर्ष अब तक रिकॉर्ड की गई है। इसके अलावा स्लीमनाबाद तहसील में इस साल अब तक 771.6 मिलीमीटर और ढीमरखेड़ा में 990.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। बीते साल इसी अवधि तक सर्वाधिक वर्षा बड़वारा तहसील में 864 मिलीमीटर दर्ज की गई थी। जबकि सबसे कम 479 मिलीमीटर बारिश स्लीमनाबाद में रिकॉर्ड की गई थी।



### 26 हजार से अधिक लोगों को नि: शुल्क औषधियां वितरित

**कटनी,यशभारत।** कोरोना के संभावित संक्रमण से बचाव एवं लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से जिला आयुष कार्यालय द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 26127 लाभार्थियों को नि:शुल्क औषधियां प्रदान की गई है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आर.के.सिंह ने बताया कि जिले में 407 ग्राम पंचायतों सहित नगर निगम और तीनों नगर परिषदों कैमोर, बरही और विजराघवगढ़ में नि:शुल्क दवाइयों का वितरण जारी है। डॉ. सिंह के मुताबिक शहरी क्षेत्र में 2475 लोगों को आयुर्वेद तथा 841 व्यक्तियों को होम्योपैथी की नि:शुल्क औषधियां प्रदान की गई हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में 17 हजार 774 लोगों को आयुर्वेद और 5हजार 37 व्यक्तियों को होम्योपैथी की दवाईयां नि:शुल्क प्रदान की गई है। वर्तमान में आयुष औषधि का वितरण औषधालय में ओ.पी.डी. से किया जा रहा है।

### पुनीत सागर अभियान के तहत वृहद आयोजन

# कैमोर साइंस कॉलेज की एनसीसी कैडिट्स ने पनिहाई मंदिर में किया श्रमदान




**कैमोर,यभारत।** कैमोर उद्यान महाविद्यालय की एनसीसी सीनियर डिवीजन गर्ल्स की यूनिट एवं 4 एमपी बटालियन एनसीसी कटनी के संयुक्त तत्वाधान में पुनीत सागर अभियान के तहत गत दिवस कैमोर के उत्तर में स्थित सुरम्य स्थल पनिहाई धाम में श्रमदान किया गया। एनसीसी की छात्राओं एवं छात्रों ने मंदिर परिसर, प्राकृतिक कुंड एवं स्टाप डेम की साफ-सफाई की इस अवसर पर एनसीसी के कमाडिंग ऑफिसर जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि यह एक देश व्यापी अभियान है जो एनसीसी के माध्यम से चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नदी, नालों , झरने, तालाब, समुद्रीतट, स्टाप डेम आदि को साफ-सुथरा कर इनका सौदर्यीकरण किया जा रहा। अभियान को अब यूएनओ के साथ मिलकर विश्व स्तर पर भी चलाया जा रहा। एनसीसी कैडिट्स के इस पुनीत सागर अभियान में कैमोर नगर परिषद की अध्यक्ष मनीषा शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष केवट, पूर्व उपाध्यक्ष अजय शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.पी. स्वर्णकार भी शामिल हुए और अपने उद्बोधन में एनसीसी कैडिट्स के अभियान की सराहना करते हुए इस तरह के सामाजिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला, सचिव डी.पी. बढ़ोलिया, वार्ड पार्षद सुरेश परोहा, नगर परिषद के स्वच्छता दूत, पत्रकार राजेश सिंघई, गुलशन चक्रवर्ती, महाविद्यालय स्टाफ से प्रोफसर राजेश पटेल, प्रोफेसर एस्टर दया, प्रोफेसर रजनी वर्मा, प्रोफेसर अफरीन अली, प्रोफेसर वैशाली गुप्ता, प्रोफेसर जयप्रकाश नामदेव की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की एनसीसी ऑफीसर नीलांचला मिश्रा द्वारा किया गया। अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एम.पी. स्वर्णकार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया।



# नगर निगम के शिविरों से लाभांवित हो रहे हितग्राही

### आवेदन देकर ले रहे योजनाओं का लाभ

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत नगर निगम द्वारा आयोजित किए जा रहे शिविरों में शासन द्वारा संचालित की जा रही हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्राप्त करनें हेतु नागरिकों द्वारा आवेदन किया जा रहा है। अभियान के प्रभारी उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार ने बताया कि अभियान के तहत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना वार्डवार शिवर का आयोजन किया जा रहा है। हितग्राही मूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों का लाभान्वित करनें के उद्धेश्य से विगत दिवस वार्ड क्रमांक 15 एवं 16 हेतु खिरहनी प्राथमिक शाला दुर्गा चौक तथा वार्ड क्रमांक 32 एवं 33 हेतु कावस जी स्कूल भवन में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर के दौरान 545 आवेदन प्राप्त किए जाकर पात्र आवेदकों को हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित करनें की कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त सत्येन्द्र धाकरे ने बताया कि नागरिकों को हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित करनें हेतु सोमवार 26 सितंबर को प्रातः 10 बजे से वार्ड क्र. 17 एवं 18 हेतु शासकीय तिलक महाविद्यालय तथा वार्ड क्र. 34 एवं 35 हेतु माध्यमिक शाला भवन छपरवाह में शिविर का आयोजन किया जाएगा। आपने वार्ड के हितग्राहियों से शिविर स्थल पर पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करनें की अपील की है।

# नवरात्र पर मंदिरों के आसपास चौकस रहेगी सफाई और प्रकाश व्यवस्था



**कटनी,यशभारत।** नवरात्रि पर्व पर निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा निगम अध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा रविवार दोपहर विश्राम बाबा काली माता मंदिर पहुंचकर लिया गया। इस दौरान निगम अध्यक्ष श्री पाठक नें समिति के पदाधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की जाकर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी निगम प्रशासन की आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मौके पर सफाई व्यवस्था में कमी पाए जानें पर क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक को मंदिर परिसर एवं पहुंच मार्गो की पर्याप्त सफाई कराकर कीटनाशक दवा का छिड़काव करानें सहित श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शीध्र ही समुचित प्रकाश व्यवस्था करानें हेतु विधुत शाखा को निर्देश प्रदान किए गए।



### विश्वकर्मा मंदिर में 2 दिवसीय पूजा महोत्सव मनाने हुई बैठक

**कटनी,यशभारत।** विगत दिवस श्री विश्वकर्मा मंदिर सभागार भवन में ट्रस्ट कमेटी के तत्वाधान में रविवार षाम 4 बजे बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपी विश्वकर्मा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई जिसमें ट्रस्ट कमेटी संयोजक गोपाल शरण विश्वकर्मा , सचिव धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, कार्यक्रम प्रभारी जगदीष झा, मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष सुरेष जादूगर विश्वकर्मा, दिलीप विष्वकर्मा, नीलेष विश्वकर्मा , दिलीप विश्वकर्मा , एनकेजे, दिनेश विश्वकर्मा , सागर ताम्रकार, एवं अन्य सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही। बैठक में पूजा पर्व 17 दिसम्बर के आयोजन की समीक्षा करते हुए आगामी वर्ष 2 दिवसीय पूजा पर्व महोत्सव मनाने का आयोजन समिति के द्वारा सर्व-सम्मति से सहमति बनी है इस अवसर पर सचिव द्वारा इस वर्ष के कार्यक्रम का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया । जिसमें इस वर्ष बजट के अन्दर ही सम्पूर्ण कार्यक्रम सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुयें एवं ट्रस्ट कमेटी को अंष भाग की बचत भी की गई। स्मरणीय है कि पूजा पर्व का सम्पूर्ण व्यय सदस्यगण आपस में ही धन संग्रह करते है बाहर कही भी कोई भी चंदा एकत्रित नही करते है। मुख्य अतिथि डी.एफओ. आर.सी.विश्वकर्मा, सुप्रसिद्ध एडव्होकेट आर.डी. रजक, एवं महेष पटेल, को ट्रस्ट कमेटी के द्वारा सम्मानित करने का जिक्र करते हुए ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष ने आयोजन को सफ्लतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सभी सदस्यो एवं सहयोगी कार्यकर्ताओं का हृदय से सराहनीय कार्य करने पर उन सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया एवं इसी तरह से भविष्य में पूरी तन्मयता के साथ सामाजिक कार्य हेतु सहयोग करने के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

### जिला पंचायत की स्थाई समिति संचार तथा संकर्म समिति की बैठक आयोजित

# कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित ना रहे



**कटनी,यशभारत।** जिला पंचायत की समिति संचार तथा संकर्म समिति की बैठक सभापति अजय कुमार गोटिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें निर्धारित एजेंडा के विषयों पर श्री गोटिया ने विभागवार समीक्षा की। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा एवं सीईओ जगदीश चंद्र गोमे की उपस्थिति में बैठक के विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय, प्रेमलाल केवट, सुश्री माला मौसी और शीला सिंह की मौजूदगी में की। समीक्षा करते हुए समिति के सभापति श्री गोटिया ने अधिकारियों से विभागवार योजनाओं की एवं विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। इसके पूर्व अधिकारियों एवं समितियों के सदस्यों के बीच परिचयात्मक संवाद हुआ। समीक्षा बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मेहरा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गोमे ने विभागीय योजनाओं और निर्माण कार्यो को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से कराए जाने के संबंध में निर्देशित किया तथा कहा कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों पर समुचित परीक्षण कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन एवं जानकारी समय सीमा में उपलब्ध कराई जाना सुनिश्चित की जावे। जिला पंचायत सीईओ श्री गोमे ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत आयोजित शिविरों के संबंध में जानकारी दी जानकारी तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि हितग्राही मूलक योजनाओं सहित सहित अन्य चिन्हित योजनाओं में कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित ना रहे इसकी निगरानी विशेष रुप से करते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराया जाए। बैठक में कार्यपालन यंत्री आरईएस लाजरूस किरकेट्टा सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# सिटी न्यूज

यश भारत **8**

www.yashbharat.com | कटनी, बुधवार 28 सितंबर 2022 | फोन- 230033


# जिला अस्पताल में पदस्थ सर्जन के निजी क्लीनिक में अपेंडिक्स ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

## परिजनों सहित विश्व हिंदु परिषद व बजरंग दल पदाधिकारियों ने किया अस्पताल में प्रदर्शन,चिकित्सक को निलंबित कर एफआइआर दर्ज करने की मांग

**कटनी,यशभारत।** जिला अस्पताल में पदस्थ सर्जन डॉक्टर आर बी सिंह की आदर्श कालोनी स्थित निजी क्लीनिक में अपेंडिक्स के ऑपरेशन के बाद एक महिला की मौत हो गई। मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने चिकित्सक व अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों सहित विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल में जमकर प्रदर्शन किया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रीवा जिले के प्रहलन गांव निवासी 29 वर्षीय लक्ष्मी पति वीरेंद्र सिंह को पेट में दर्द की समस्या थी। वह 23 सितंबर को आदर्श कॉलोनी में संचालित जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर आर बी सिंह की क्लीनिक में इलाज कराने पहुंची। यहां पर चिकित्सक ने ऑपरेशन करने का सुझाव दिया और 24 तारीख को 30 हजार रूपए लेकर के ऑपरेशन किया। आपरेशन के बाद 3 दिनों तक मरीज की स्थिति ठीक रही। मंगलवार की रात अचानक बाथरूम में महिला गिर गई और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन व पति डॉक्टर को फोन करके कई बार बुलाते रहे लेकिन एक घंटा देरी से चिकित्सक पहुंचे तब तक महिला की मौत हो गई। इसके बाद भी महिला को गंभीर बताते हुए धर्मलोक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां पर भी 3-4 हजार रूपए लेकर डाक्टर लाश का इलाज करते रहे। इसके बाद महिला को जबलपुर रिफर कर दिया गया। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे तो यहां पर पदस्थ चिकित्सक ने बताया कि महिला की 1 से 2 घंटे पहले ही मौत हो गई है और परिजनों ने मौत की पुष्टि की रिपोर्ट मांगी तो देने से मना कर दिया। इसके बाद आज गुस्साए परिजनों व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि और डॉक्टर के खिलाफनिलंबन की कार्रवाई व एफआईआर दर्ज की जाए।



### आश्वासन के बाद शांत हुआ प्रदर्शन

जिला अस्पताल में प्रदर्शन व नारेबाजी की जानकारी लगते ही तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह व सिविल सर्जन डाक्टर यशवंत वर्मा मौके पर पहुंच गए और प्रदर्शनकारियों को समझा बुझाकर मामला शांत कराने की कोशिश करने लगे। ऊधर प्रदर्शनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे। अधिकारियों ने जब पूरे मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब कहीं जाकर प्रदर्शनकारी माने और प्रदर्शन समाप्त हुआ।

# बोलेरो-ट्रेक्टर में सीधी भिड़ंत, चालक की मौत





**कटनी, यशभारत।** पन्ना-कटनी मार्ग पर शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम चौपरा के समीप मंगलवार की दोपहर ट्रैक्टर और बोलेरो के बीच हुई सीधी भिड़ंत में बोलेरो चालक की मौत हो गई जबकि जल संसाधन विभाग के दो अधिकारी बुरी तरह घायल हो गए। जिनको कचहरी चौक स्थित एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तेज गति से दौड़ रहे दोनों वाहनों के बीच हुई भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो वाहन के पलटने से उसके चारों पहिया ऊपर हो गए और ट्रैक्टर में पीछे मिक्सर मशीन अलग हो गई। हादसे में बोलेरो वाहन के चालक की मौत जबकि बोलेरो में बैठे जल संसाधन विभाग के शाहनगर उप संभाग के प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) बी बी चौबे और उपयंत्री शुभम राय को गंभीर चोटें आई हैं। शाहनगर में घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद तुरंत कटनी के लिए रिफर कर दिया गया। जिसके बाद दोनों घायल अधिकारियों के कचहरी चौक स्थित एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। कार्यालय कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग पवई जिला पन्ना से अनुबंधित सफेद रंग के बोलेरो वाहन में सवार होकर शाहनगर उप संभाग के प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी बबी चौबे और उपयंत्री शुभम राय मंगलवार 27 सितंबर 2022 की सुबह पन्ना से शाहनगर के लिए निकले थे। रास्ते में चौपरा ग्राम के नजदीक सामने से ट्रैक्टर चालक निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली मिक्सर मशीन को लेकर आ रहा था। तभी दोनों तेज रफ्तार वाहनों के बीच सीधी भिड़ंत हो गई।

**जल संसाधन विभाग के एसडीओ व इंजीनियर गंभीर, कटनी-पन्ना मार्ग पर सड़क हादसा**

# 10 दिनों तक पति की लाश के साथ सोती रही पत्नी

## दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने दी पुलिस को सूचना,विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 15 की घटना

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 15 निवासी रिटायर्ड शिक्षक की मौत के बाद उसकी पत्नी 10 दिनों से पति की लाश के साथ भूखी-प्यासी रह रही थी। दुर्गंध फैली तो स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध महिला से उसके पति के बारे में पूछा तो उसने जवाब दिया कि बाबूजी आराम कर रहे हैं। आशंका पर पुलिस घर में दाखिल हुई, जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ। मंगलवार को पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल ने बताया कि विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 15 में सेवानिवृत्त शिक्षक 85 वर्षीय ब्रजेश त्रिपाठी व उनकी पत्नी 80 वर्षीय पुष्पा त्रिपाठी एक साथ रहते थे। पत्नी की मानसिक हालत कई वर्षों से खराब थी। धीरे-धीरे ब्रजेश का मानसिक संतुलन भी बिगड़ गया था। एक पखवाड़े से ब्रजेश त्रिपाठी का कोई सुराग नहीं मिल रहा था। थाना प्रभारी के मुताबिक प्रथम दृष्टया भूख से मौत होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।



### मानसिक विक्षिप्त पत्नी ने बड़ी मुश्किल से खोला ताला

विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी श्री बघेल ने बताया कि घर के मुख्य गेट सहित अंदर के गेट में ताला बंद था। बड़ी देर तक आवाज लगाने के बाद वृद्ध महिला ने किसी तरह ताला खोला। वृद्धा से पूछा गया कि यह दुर्गंध कहां से आ रही है तो उसने कहा कि आसपास लोग कचरा फेंक जाते हैं, उसी के चलते आ रही है। पुलिस ने पूछा कि बाबूजी कहां हैं तो उसने सहज कहा कि बाबूजी अंदर आराम कर रहे हैं, चलकर देख लो। पुलिस अंदर पहुंची तो दुर्गंध से ठहरना मुश्किल हो गया। पलंग पर सड़ी-गली लाश पड़ी मिली।

### पत्नी के भाई को दी गई जानकारी

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चुरी में रखवाते हुए मंगलवार को पीएम के लिए भेजा। मुंबई में रह रहे पुष्पा त्रिपाठी के भाई को सूचना दी। वे मौके पर पहुंचे। बताया कि वे दोनों अकेले रहते थे। कोई संतान नहीं थी। वे अपने साले प्रवीण पराशर को भेजकर गल्ला, किराना आदि सामग्री भिजवा देते थे। दो माह से वह भी नहीं पहुंचा था। दोनों की मानसिक हालत ठीक नहीं रहती थी, महिला लोगों पर पथराव कर देती थी तो लोग मतलब नहीं रखते थे। परिवार के लोग भी ध्यान नहीं रख रहे थे। बस्ती के लोगों ने बताया कि वे हमेशा घर बंद करके रखते थे। रिश्ते के एक नाती ने बताया कि उसने दो दिन पहले ही गेट से झांककर देखा था तो दादी अंदर दिख रहीं थीं।

### भूख से मौत की आशंका

विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी श्री बघेल ने बताया कि वृद्ध की मौत संभवतः खाना न मिलने के कारण हुई है। शॉर्ट पीएम में सामान्य मौत होना चिकित्सक ने बताया है। हार्ट अटैक से भी मौत की आशंका है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। दूसरी ओर पति की मौत के बाद से वृद्धा ने भी कुछ नहीं खाया। वह लाश के साथ ही लगभग 10 से 15 दिनों से साथ में रह रही थी। जिस पलंग में पति की लाश पड़ी थी, ठीक उसी के बाजू में दूसरे पलंग में वह सोती थी।


**प्लाट बेचना है**

दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।

संपर्क धर्मेंद्र तिवारी
मो. 9827340910

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटैलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- नीरज जॉकी शोरूम के बाजू में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668




## मां चन्द्रघण्टा

नवरात्रि का तीसरा दिन मां चंद्रघंटा को समर्पित है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। मां चंद्रघंटा ने असुरों का संहार किया था। मां चंद्रघंटा ने पृथ्वी पर धर्म की रक्षा और असुरों का संहार करने के लिए अवतार लिया था। मां दुर्गा के इस रूप की विशेष मान्यता है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मां चंद्रघंटा को परम शांतिदायक और कल्याणकारी माना गया है। मां चंद्रघंटा के मस्तिष्क पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इन्हें मां चंद्रघंटा कहा जाता है। मां चंद्रघंटा का रूप रंग स्वर्ण के समान है। मां चंद्रघंटा देवी के दस हाथ हैं। इनके हाथों में शस्त्र.अस्त्र विभूषित हैं और मां चंद्रघंटाकी सवारी सिंह है।

**मां चंद्रघंटा की पूजा का महत्व**-मान्यता है कि जो भी व्यक्ति नवरात्रि में मां चंद्रघंटा की पूजा विधि पूर्वक करता है उसे अलौकिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। वहीं मां चंद्रघंटा की पूजा और उपासना से साहस और निडरता में वृद्धि होती है। हर प्रकार के भय से मुक्ति मिलती है। मां चंद्रघंटा की पूजा करने सौम्यता और विनम्रता में भी वृद्धि होती है। विधि पूर्वक पूजा करने से मां अपने भक्तों को आर्शीवाद प्रदान करती हैं। मां चंद्रघंटा की पूजा करने से रोग से भी मुक्ति मिलती है।

**इनकी आराधना का मंत्र है :**

**या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमो नमः ।।**


**विभाग**

**ट्रामा एवं एक्सीडेंट यूनिट**
सर्जन डॉ. दीपक सक्सेना (एम.एस)
(एफए.आईएस, एफआईएजीईएस, एफएमएएस)
डॉ शोभना सक्सेना (एम.एस.)
(एफएआईएस, एफआईएजीईएस)
कंधा एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ हड्डी के सभी प्रकार के कंधा एवं रोगों का अत्याधुनिक तरीके से इलाज की सुविधा
डॉ अखिलेश जैन (एमबीबीएस, एमएस, ईएनटी)
कान, नाक एवं गला एलर्जी विशेषज्ञ

**अस्थि रोग**
डॉ अखिलेश जैन (एम.एस. आर्थो)

**मेडिसिन विभाग**
डॉ. प्रवीण वैश्य (एम.डी.)
डॉ. ऋषभ जैन (एम.डी.)
शिशु एवं नवजात रोग विभाग, स्त्री रोग
डॉ. अलका सक्सेना

**शिशु रोग**
डॉ. अशोक चौदहा

**निश्चेतना**
डॉ. राजेन्द्र गुप्ता (डी.ए.)
डॉ.विजय पंजवानी (डी.ए.)
डॉ. पूजा जैन (एम.डी.)

**दंत रोग**
डॉ. शोभित प्यासी (एम.डी.एस.)

**पैथोलॉजी**
डॉ. कुलदीप बजाज (डी.सी.पी.)

**फिजियोथेरेपी**
डॉ. अतुल कुमार चौबे (फिजी.)

# श्री हॉस्पिटल

**बहुआयामी चिकित्सा सेवाओं का केन्द्र**



**एक छत के नीचे विभिन्न विभागों का संगठन**

- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिकसर्जरी (दूरबीन)
- स्त्री रोगएवं प्रसूति विभाग
- अस्थि रोग विभाग
- ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं आर्थोस्कोपी
- मेडिसिन विभाग
- नवजात एवं शिशु रोग विभाग
- नाक, कान एवं गला रोग विभाग
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिकसर्जरी (दूरबीन)
- नेत्र रोग विभाग
- डेंटल ओरल एवं मेक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- रेडियोलॉजी विभाग (एक्स-रे सोनोग्राफी)
- पैथालॉजी विभाग
- वीडियो एंडोस्कोपी

## श्री हॉस्पिटल द्वारा संचालित

**सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग कोर्स/सांईनाथ इंटीट्यूशन्स**

| | |
|---|---|
| ANM 2 Years | BA Bed 4 Years |
| GNM 3 Years | D Ed. 2 Years |
| BSC 4 Years (Nursing) | B Ed. 4 Years |
| Post BSC | MSC |

छात्रावास एवं लाईब्रेरी की सुविधा उपलब्ध

आपातकालीन सेवाएं दुर्घट एवं फ्रैक्चर क्लीनिक एम्बुलेंस, फार्मेसी

संपर्कः एम.एम. चौबे वार्ड, एन एच -7 जबलपुर रोड, कटनी (म.प्र.) भारत
दूरभाषः 07622-400443, 224043
मो. 9752414316/18, 9425325316, 8962262200



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)